वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 853 /पू.वि.वि./2023 दिनांक : 06.02.2023

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/शिक्षक परिसर पाठ्यक्रम।
2. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना/रोवर्स रेंजर्स।
4. मीडिया प्रभारी।

विषय– तेरहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रसारित थीम सांग "मैं भारत हूँ" का प्रचार–प्रसार कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या 114/सीईओ–6–60/4–2022 लखनऊ दिनांक 30 जनवरी, 2023 के सम्बन्ध में राष्ट्रीय मतदाता दिवस–2023 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किये गये थीम सांग "मैं भारत हूँ" (https://youtube.com/watch?v=to324JIljf8&si=EnSIkaIECMiOmarE) का प्रसारण अपने विभाग/संकाय/महाविद्यालय के वेबसाइट/सोशल मीडिया/फेसबुक/ट्यूटर/व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से छात्रों, शिक्षको एवं कर्मचारियों में प्रचारित/प्रसारित करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही साथ यह निदेश दिया गया है कि आपके स्तर से उपरोक्त के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही/विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से किये गये प्रचार प्रसार का साप्ताहिक सूचना प्रत्येक शनिवार को विश्वविद्यालय के स्वीप कोआर्डिनेटर डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय के ईमेल आई0डी– drmanojvbspu@gmail.com पर प्रत्येक दशा में सम्बन्धित कार्यक्रम का निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें :–

क्रमांक	संकाय/विभाग/महाविद्यालय का नाम	सोशल मीडिया का माध्यम	कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण फोटो एवं स्क्रीनसाट सहित

कृपया उक्त सूचना प्राथमिकता पर प्रत्येक शनिवार को केवल ई–मेल के माध्यम से ही उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जौनपुर।
2. वित्तअधिकारी/परीक्षा नियन्त्रक।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय फेसबुक पेज/ट्यूटर/यूट्यूब/इंस्टाग्राम को इस आशय से प्रेषित कि उक्त थीम सांग "मै भारत हूँ" को प्रचारित प्रसारित करने एवं व्यूवरसीप की सूचना/स्क्रीनसाट प्रत्येक शनिवार को सम्बन्धित को भेजने का कष्ट करें।
6. अधीक्षक/प्रभारी, सम्बद्धता को इस आशय से कि सम्बन्धित सूचना को विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों को व्हाटसएप/ई–मेल के माध्यम से सूचित करें।
7. गार्ड फाइल।

कुलसचिव